भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 5449

गुरुवार, 25 जुलाई, 2019/3 श्रावण, 1941 (शक)

उत्तर-पूवी क्षेत्र में सड़क परियोजनाएं

5449. श्री तापिर गावः

श्रीमती अगाथा के. संगमाः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) के विभिन्न राज्यों में राज्य-वार कुल कितने किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पूर्वी-पश्चिमी गलियारे की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) असम में दोबोका सड़क मार्ग की वर्तमान स्थिति क्या है और उक्त मार्ग की मरम्मत अंतिम बार कब की गई थी;

(घ) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग सं॰ 315 के नाहरकटिया (असम) हुकंजूरी-खोंसा (अरुणाचल प्रदेश) खंडों पर निर्माण-कार्य आरंभ हो चुका है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ङ) क्या उक्त सड़क की डीपीआर पूर्ण हो चुकी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) उक्त परियोजना को पूर्ण करने के लिए क्या समय-सीमा तय की गई है?

उत्तर
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): यह मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। पिछले पांच वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में विभिन्न राज्यों में निर्मित रारा की कुल लंबाई इस प्रकार है:

(किमी में लंबाई)

राज्यों का नाम	वर्ष				
	2014-15	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**
अरुणाचल प्रदेश	88	80	174	188	157
असम	178	87	165	302	323
मणिपुर	46	6	4	231	318
मेघालय	88	50	6	48	13
मिजोरम	5	15	88	43	59
नगालैंड	13	25	4	0	34
सिक्किम	30	0	0	45	83
त्रिपुरा	18	0	42	82	41

(ख): असम राज्य में ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर के तहत 637 किलोमीटर की कुल लंबाई में से, 610 किलोमीटर लंबाई का कार्य पूरा हो चुका है और शेष लंबाई में काम किया जा रहा है।

(ग): वर्तमान में डोबोका सड़क की स्थिति अच्छी है। जब कभी आवश्यक हो, नियमित रखरखाव किया जाता है।

(घ) से (च): रारा-315 के नाहरकटिया (असम)-हुकंजूरी-खोंसा (अरुणाचल प्रदेश) खंडों के सुधार के लिए डीपीआर शुरू कर दिया गया है। कार्य डीपीआर के परिणाम, निधियों की उपलब्धता और अंतर-प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

*****